# राज्यसभा का प्रतिनिधित्व रीवा संभाग के मूल कांग्रेसी ब्राह्मण को मिले

## मऊगंज में आयोजित हुई प्रबुद्ध समाज की चिंतन बैठक, कई जनप्रतिनिधि हुए शामिल

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 11 अक्टूबर, राहुल गांधी के नेतृत्व में केन्द्र तथा प्रदेश की सरकार बनाने तथा रीवा सम्भाग में पार्टी को मजबूत करने के लिये समान विचारधारा वाले प्रबुद्धजनो का पूर्व में रीवा मुख्यालय में सम्भागीय चिंतन बैठक उपरांत सभी जिला में चिंतन बैठको के दौर में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

चिंतन बैठक प्रारम्भ होने के पूर्व रीवा से पहुचे पं0 गिरजेश पाण्डेय, पं0 विनोद शर्मा, पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी, कार्यक्रम के आयोजक आर.बी.शर्मा, डॉ0 विनोद शुक्ला, धीरेन्द्र मिश्रा राहुल तथा



विपिन मिश्रा ने सप्त कन्या पूजन किया, तत्पश्चात् कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का परिचय सत्र एवं अंगवस्त्र, श्रीफल तथा जनेउ से स्वागत किया गया.राहुल गांधी के सूत्र वाक्य जितनी जिसकी संख्या भारी उतनी उसकी भागीदारी पर विस्तृत विमर्श हुआ. चिंतन बैठक में वक्ताओं ने पार्टी के अन्दर संगठन और चुनावी दोनो क्षेत्र में ब्राम्हण नेतृत्व को भागीदारी देने की मांग की. वहीं वक्ताओं ने सुझाव दिया कि संगठन में सेक्टर, मण्डलम, ब्लाक, जिला और प्रदेश कार्यकारिणी तथा विधानसभा, लोकसभा चुनाव में जब तक अनुपातिक नेतृत्व नही मिलेगा तब तक पार्टी को मजबूत नही किया जा सकता. चिंतन बैठक के समापन सत्र को पं0 गिरजेश कुमार पाण्डेय ने सम्बोधित किया, बैठक में विषय प्रवर्तन पं0 विनोद शर्मा ने किया, संचालन पं0 निर्णय शर्मा ने किया. बैठक का आयोजन पं0 आर0बी0शर्मा ने किया तथा पं0 लक्ष्मण तिवारी पूर्व विधायक एवं पं0 विनोद शुक्ला ने प्रमुख सहयोग प्रदान किया. बैठक को प्रमुख रूप से पं0 प्रवीण पाण्डेय, पं0 हरिगोविन्द सिंह तिवारी, पं0 नीलेश द्विवेदी, पं0 कुलदीप द्विवेदी, पं0 श्याम बिहारी मिश्रा, पं0 ऋषिराज पाण्डेय सहित कई प्रबुद्धजनो ने सम्बोधित किया. बैठक में मुख्य रूप से नीलेश तिवारी पूर्व सरपंच, उमेश तिवारी, शंभू प्रसाद द्विवेदी, मदन मोहन मिश्रा, रमेश प्रसाद पाण्डेय, अशोक चतुर्वेदी मण्डलम अध्यक्ष, श्रवण तिवारी, सूर्यमणि दुबे, बृजेन्द्र तिवारी, बाला प्रसाद मिश्रा, नीलेश द्विवेदी एड0, रिषभदेव शुक्ला, जगपति प्रसाद तिवारी, शशिकांत त्रिपाठी, कृष्णानन्द पाण्डेय, सुखेन्द्र प्रसाद मिश्रा, रमेश्वर प्रसाद तिवारी, केदारनाथ मिश्रा, कुलभूषण पाण्डेय मौजूद रहे.

# निर्माण पूर्ण होने के बावजूद सोनपुल का उद्घाटन ना होना दुर्भाग्यपूर्ण

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 11 अक्टूबर, सीधी जिले के सोन नदी पुल पर नवीन पुल का निर्माण पूर्ण होने के बावजूद आज तक इसका उद्घाटन न किए जाने से अभी तक आम लोगों का आवागमन नहीं चालू किए जाने से रीवा मऊगंज सीधी सिंगरौली जिले के आने जाने वाले हजारों यात्रियों को प्रतिदिन भारी समस्या का सामना पड़ता है जो दुर्भाग्यपूर्ण है. इसके चलते प्रदेश सरकार की भी किरकिरी हो रही है.**

उपरोक्त बातें विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ वरिष्ठ भाजपा नेता सरयू प्रसाद वैद्य ने कही. आगे से वैद्य ने प्रदेश सरकार के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि सोन नदी के पुल का उद्घाटन शीघ्र करते हुए आम जनता का आवागमन प्रारंभ किया जाए. क्योंकि सोन नदी पर बने पुराने पुल के छतिग्रस्त होने के बाद वर्षों से हजारों यात्रियों को प्रतिदिन घूम



कर सीधी होकर जहां जाना पड़ता है. वही सोन नदी पर करने के लिए पैदल चलकर लोग किसी कदर उसे पर पहुंच कर वाहन पकड़ने का प्रयास करते हैं जिसके चलते अनेक बार रात्रि हो जाने से सोन नदी के किनारे जान को जोखिम में डालकर कितने ही यात्रियों को रात्रि वही बितानी पड़ती है. जबकि वहां जंगली जानवर सोन नदी के घड़ियाल आकर कब घटना को अंजाम दे दे भगवान ही मालिक होता है इस तरह आवश्यकता है प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव जी शीघ्र संज्ञान लेते हुए सीधी जिले के सोन नदी पर बने नवीन पुल का शीघ्र उद्घाटन कर आम जनता के आवागमन को सुगम बनाएं.

# राजस्व रिकॉर्ड की गड़बड़ी से लोगों को हो रही है परेशानी

## राजस्व रिकॉर्ड में सुधार की मांग

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 11 अक्टूबर, त्योंथर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत रायपुर की आबादी एवं राजस्व भूमि में खसरा और नक्शा में भारी गड़बड़ी होने की वजह से इस अंचल के किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है. पता चला है कि यहां का ग्राम पंचायत क्षेत्र जो कि इस अंचल में 1857 की क्रांति में भी मुखर रहा है.**

इस ग्राम पंचायत की भूमि का खसरा एवं नक्शे में भारी अंतर होने की वजह से लोगों को अपने जमीन का सही खसरा नंबर एवं नक्शे से मिलान नहीं हो पा रहा है. यह गड़बड़ी राजस्व विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही एवं गैर जिम्मेदाराना हरकत के कारण उत्पन्न हुई है. इस अंचल के सरपंच अनुसूइया प्रसाद मिश्र ने नक्शा एवं खसरे में सुधार हेतु तहसील प्रशासन, जिला प्रशासन के साथ ही क्षेत्रीय विधायक को भी कई बार ज्ञापन देकर इसके सुधार किए जाने की मांग की है. यहां के ग्रामीणों के सामने समस्या यह है कि जब वे अपनी भूमि का सीमांकन करना चाहते हैं तब उनकी जमीन राजस्व नक्शे के अनुसार मौके पर उपलब्ध नहीं होती. ग्राम पंचायत रायपुर के सरपंच अनुसूया प्रसाद मिश्र ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत रायपुर के राजस्व रिकार्ड को शीघ्र दुरुस्त किया जाए, जिससे किसानों को उनकी वास्तविक भूमि का पता चल सके.

# गुढ़ में कल होगा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का विधानसभा सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 11 अक्टूबर, भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र गुढ़ के तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की बैठक 13 अक्टूबर शुक्रवार दोपहर 1 बजे श्री भागवत पैलेस गुढ़ में आयोजित की जाएगी.**

इस अवसर पर गुढ़ विधानसभा के विधायक नागेन्द्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश के प्रमुख उद्यमी एवं सतना नगर पालिक निगम के महापौर योगेश ताम्रकार होंगे. वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी जिला रीवा अध्यक्ष बीरेन्द्र गुप्ता करेंगे. बैठक में गुढ़, गोविंदगढ़, रायपुर कर्चुलियान एवं महसांव मंडल के सभी पदाधिकारी, मंडल कार्यसमिति सदस्य, बूथ अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष व पदाधिकारी, नगर परिषद अध्यक्ष, पार्षद सहित चारों मंडलों के व्यापारी एवं उद्यमी आमंत्रित हैं. भारतीय जनता पार्टी मंडल गुढ़ अध्यक्ष एड. अनंत कुमार गुप्ता, भाजपा मंडल गोविंदगढ़ अध्यक्ष प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने सभी से पहुंचने की अपील की है.

# हनुमना में गीला चावल और गेहूं दिया जा रहा हितग्राहियों को

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 11 अक्टूबर, विपणन सेवा सहकारी समिति हनुमना में सड़ा गेहू चावल दिया जा रहा है.**

वहीं पिछले दो महीने से वही सड़ा हुआ गेहूं और चावल सुखाकर उपभोक्ताओं को दे रहा है उपभोक्ताओं द्वारा बोले जाने पर उन्हें दुत्कारते हुए कहा जाता है कि मोहन यादव सरकार में यही आ रहा है लेना है तो लो नहीं जाओ यह भी नहीं मिलेगा. बेचारे गरीब असहाय उपभोक्ता मजबूरी में उपरोक्त भीगकर गंध मारते गेहूं व चावल को लेने को मजबूर होते हैं. सब्जी विक्रेता अनिल गुप्ता बताते हैं कि 2 महीने से वही सड़ा हुआ बदबू मारता गेहूं चावल दिया जा रहा है ऊपर से बोलने पर सेल्समेन सुरेंद्र कुमार उर्फ़ कोटू कहता है कि यही चावल आ रहा है. मजबूरी में मुझे यही लेना पड़ा और यही खाने को मजबूर हूं. दिव्यांग नारायण दास केसरी बताते हैं कि पिछले महीने मुझे भी दुर्गंध मारता चावल और गेहूं दिया गया था.

बद्री प्रसाद सोनी कहते हैं कि मेरे पास आमदनी का कोई जरिया नहीं है मैं विकलांग हूं उमर भी इतनी अधिक हो गई कि अब चलने फिरने में भी दिक्कत है शान द्वारा दिए जाने वाला यही राशन ही जीवन का आधार है अभी तक तो ठीक गेहूं चावल दिया जाता था लेकिन पिछले दो महीने से यही बदबू मारता गेहूं चावल दिया जा रहा है बोलने पर दुत्कारते हुए सेल्समेन कहता है कि लेना है ले ले बुड्ढे नहीं यह भी नहीं मिलेगा लेप्स हो जाएगा मजबूर होकर वही सड़ा गेहूं चावल लाकर खाने को मजबूर हूं. उपभोक्ताओं ने कलेक्टर मऊगंज का ध्यान आकृष्ट करते हुए तत्काल विपणन सहकारी समिति के समिति प्रबंधक तथा सेल्समैन के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की.



नवीन न्यायालय परिसर में बैठकर काम निबटाते अधिवक्तागण

# स्वयंसेवक संघ का एकत्रीकरण आज

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 11 अक्टूबर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड हनुमान का एकत्रीकरण एवं पथ संचलन 12 अक्टूबर को अपराह्न 3:00 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनुमना से आयोजित किया गया है.**

जिसका प्रकट (समापन) कार्यक्रम स्वामी माधवाचार्य की तपस्थली रामलीला मैदान में होगा. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रीवा विभाग प्राध्यापक प्रमुख डॉ अतुल तिवारी होंगे. उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय एवं अग्रणी भूमिका निभाते हुए आज अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर चुका है इस प्रक्रिया में संघ और समाज एक में बनाकर भारत माता की जय के भाव को प्रकट करते हैं. इसी कड़ी में एक साथ आना एक साथ चलना और चरैवेति चरैवेति चरैवेति निरंतरम् के उदात्त भाव को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हनुमना खण्ड का भव्य व दिव्य पथ संचलन स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर हनुमान से अपराह्न 3 बजे से स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण के साथ आयोजित है पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से चलकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए स्वामी माधवाचार्य जी महाराज की तपस्थली रामलीला मैदान में प्रकट व समापन समारोह आयोजित किया गया है जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में रीवा विभाग प्राध्यापक प्रमुख डॉ अतुल तिवारी होंगे.

# दिव्यांशी सिंह अखिल विश्व सत्य सनातन संघ की बनी प्रदेश अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 11 अक्टूबर, अखिल विश्व सत्य सनातन संघ ने मध्य प्रदेश में संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से नई नियुक्ति की घोषणा की है.**

संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित भदौरिया ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ. गोविन्द नारायण चित्रगुप्त की अनुशंसा और महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरती सुमन चौधरी (गुरुग्राम) की सहमति से मऊगंज जिले की युवा सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यकर्ता दिव्यांशी सिंह को अखिल विश्व सत्य सनातन संघ, महिला प्रकोष्ठ का मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है. संघ ने विश्वास व्यक्त किया है कि नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशी सिंह पूरे प्रदेश में संगठन का विस्तार करते हुए सत्य सनातन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का



कार्य करेंगी. उनसे अपेक्षा की गई है कि वे सभी संभागों, जिलों और तहसील स्तर तक सनातनी महिलाओं को संगठन से जोड़ेंगी और समाज में आध्यात्मिक जागरूकता फैलाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगी.

दिव्यांशी सिंह की इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं. बधाई देने वालों में राष्ट्रीय महामंत्री सुरेन्द्र सिंह भदौरिया, डॉ. कृष्ण राज सिंह रीवा, प्रदेश संयोजक श्याम श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष सोहन साहू, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजीत सिंह, प्रदेश महामंत्री डॉ. अरविंद भारती रीवा, प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र द्विवेदी, रीवा संभाग अध्यक्ष राम नारायण श्रीवास्तव, संभागीय प्रवक्ता अमर दाहिया, रीवा जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा एवं मऊगंज जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव शामिल है.

# उप तहसील का लोगों को नहीं मिल रहा लाभ, घोषणाएं सिर्फ हवा-हवाई

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 11 अक्टूबर, रीवा जिले के गुढ़ तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दुआरी के सीएफटी भवन में उप-तहसील उद्घाटन के बाद अब कागज़ों पर जिंदा रह गई है.**

उद्घाटन के सालों बाद भी वहां न तो अधिकारी बैठते हैं और न ही कोई प्रशासनिक गतिविधि नियमित रूप से संचालित होती है. उप तहसील क्षेत्र में कई हल्के और गांव शामिल है. ऐसे में आम नागरिकों को अपने काम के लिए गुढ़ तहसील के चक्कर काटने पड़ते हैं. कभी-कभार कोई अधिकारी नजर आता है लेकिन नियमित उपस्थिति नहीं होती है. सीएफटी भवन दुआरी में उप-तहसील उद्घाटन के कुछ माह तक संचालित रहा लेकिन वर्तमान समय में उप-तहसील परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ है शायद जिला प्रशासन की ओर से किसी भी अधिकारी को नियमित रूप से वहाँ बैठने का आदेश जारी नहीं किये गये है. स्थानीय लोगों का कहना है कि वहां नियमित रूप से अधिकारी-कर्मचारी तैनात किए जाए.

# कांग्रेस पार्टी ने कैंडल मार्च निकाल कर दी श्रंद्धाजलि

## स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करने की मांग

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 11 अक्टूबर, हनुमना नगर में पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकाल कर शोक व्यक्त किया.**

विगत दिनों छिंदवाड़ा में जहरीली कब सिरप के कारण 21 मासूम बच्चों की मौत हो गई तथा कई बच्चे आज भी जीवन और मौत के बीच संघर्षरत हैं. इस घटना के विरोध में पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना के निर्देशन में जिला अध्यक्ष हरिलाल कोल ब्लाक अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन पर कांग्रेस कमेटी हनुमना द्वारा कांग्रेस कार्यालय से पुराना नगर परिषद मुख्य बाजार तक मृत मासूम बच्चों के प्रति संवेदना प्रकट करने हेतु कैंडल मार्च निकाली गई तथा प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को तत्काल पद से बर्खास्त करने की मांग की गई. इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिलाल कल ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा सरिता गुप्ता पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शैलजा गुप्ता जिला महासचिव निलेश गुप्ता बच्चा भैया विद्यानिवास श्याम जी गुप्ता अमृतलाल शुक्ला केशव गुप्ता अमित मिश्रा लालजी जायसवाल देवकी शुक्ला अशोक पटेल सुरेंद्र गुप्ता प्रतापगंज दिव्यकांत त्रिपाठी राम गुप्ता पटेहरा संजय सोनी रितेश गुप्ता प्रतापगंज विधायक पटेल शिवलाल साकेत मौजूद रहे.

# दीपावली पर्व के मद्देनजर मिठाई दुकानों का निरीक्षण

मऊगंज, 11 अक्टूबर, कलेक्टर के निर्देशानुसार आगामी दीपावली त्यौहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा देवतालाब क्षेत्र के प्रमुख मिष्ठान्न विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया. इस कार्रवाई में रामगोपाल मिष्ठान भंडार, जय भोले समोसा एवं मिष्ठान भंडार, शिवांचल स्वीट्स, मंगलम स्वीट्स सहित अन्य मिठाई दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए. निरीक्षण के दौरान खोवा, बर्फी, लड्डू, छेना, जलेबी, बूंदी लड्डू, मगज लड्डू, और सोनपापड़ी आदि मिठाइयों के नमूने लिए गए. ये सभी नमूने परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे जाएंगे.

# अभिनन्दन समारोह आज

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 11 अक्टूबर, मुख्य अतिथि देवतालाब विधायक गिरीश गौतम, विशिष्ट अतिथि अ0प्र0सिं0वि0वि0 रीवा के हिन्दी विभागाध्यक्ष डा0 दिनेश कुशवाह एवं देश के जाने माने पत्रकार जयराम शुक्ल होंगे.**

देश के ख्यातिलब्ध, बरिष्ठ साहित्यकार डा. चन्द्रिका प्रसाद जिन्हे साहित्य अकादमी म0प्र0 भोपाल द्वारा श्री विश्वनाथ सिंह जूदेव स्मृति पुरुष्कार, उनके कहानी संग्रह रिस्तन केर निवाह पर पुरष्कृत किया गया है का अभिनन्दन समारोह, सुमना साहित्य समिति नईगढ़ी मऊगंज एवं प्रोग्रेसिव पेंशनर एशोशिएसन जिला शाखा मऊगंज के संयुक्त तत्ववाधान मे दिनांक-12 अक्टूबर 2025 को रविवार (समय-01.30 बजे दिन) मूनलैण्ड मैरिज गार्डन मऊगंज (लोहदा नाले के पास) आयोजित किया गया हैं. आयोजक प्रोग्रेसिव पेंशनर एशोशिएसन जिला शाखा मऊगंज केशव प्रसाद मिश्र (अध्यक्ष),गया प्रसाद मिश्र,त्रिवेणी प्रसाद मिश्र,वाई एन. द्विवेदी,वेणी माधव मिश्र व्यवस्थापक,बसंत मिश्र,पूर्व अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शा. शहीद केदारनाथ महावि. मऊगंज, शुभना साहित्य समिति नईगढ़ी जिला मऊगंज सूर्यमणि शुक्ल,उग्रसेन शुक्ल,रमेश पाण्डेय, दिवाकर चतुर्वेदी, विकास भारती ने उक्त कार्यक्रम में जिले के प्रबुद्ध जनो को कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अनुरोध किया है.

# पतियों की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत

नवभारत न्यूज

**पवई11 अक्टूबर। यूं तो हिंदू धर्म में पतियों की लंबी आयु और उनकी सुख समृद्धि के लिए महिलाओं के द्वारा अनेक प्रकार के व्रत साल भर रखे जाते हैं, उन्हीं में से एक व्रत है करवा चौथ।शुक्रवार को पवई नगर सहित पूरे क्षेत्र में सुहागन महिलाओं ने अपने पतियों की लंबी उम्र के लिए करवा चौथ का व्रत रखा,रात्रि में चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद पतियों के द्वारा सुहागन महिलाओं को पानी पिलाकर उनका व्रत पूर्ण कराया गया।**

इस दौरान महिलाओं ने नए नए वस्त्र और आभूषण धारण कर एक कलश या लोटे में स्वच्छ जल और उसमें थोड़ा कच्चा दूध,चावल, मिश्री,चंदन और सफेद फूल लिया



और चंद्रमा के उदय होने के बाद चंद्रमा की ओर मुख करके जल अर्पित किया जाता है। करवा चौथ वह पर्व है जो अब केवल सदियों पुरानी परंपरा नहीं रह गया है,बल्कि प्रेम समर्पण और उत्सव की एक भव्य आधुनिकता का रूप ले चुका है,यह दिन न केवल पत्नी के अपने पति की लंबी उम्र और खुशहाली के लिए रखे गए उपवास का प्रतीक है, बल्कि वह पति-पत्नी के अटूट बंधन को एक नए उत्साह के साथ जीने का अवसर भी बन गया है।

करवा चौथ के व्रत को लेकर महाभारत में एक वृतांत बताया गया है जब अर्जुन नीलगिरी पर्वत पर तपस्या करने के लिए गए थे और काफी समय तक वापस नहीं लौटे तब द्रोपती को चिंता हुई और वह भगवान कृष्ण के पास पहुंची भगवान कृष्ण ने उन्हें करवा चौथ का व्रत करने की सलाह दी और भगवान कृष्ण ने ही द्रोपती के इस करवा चौथ के महत्व को सुनाया था।

# वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान मऊगंज में चलाया गया

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 11 अक्टूबर, कांग्रेस पार्टी द्वारा चालू किए गए राष्ट्रव्यापी आंदोलन वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस महासचिव पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना के मार्गदर्शन पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरिलाल आदिवासी के नेतृत्व में एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मऊगंज के अध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी एडवोकेट के आयोजकत्व मे आज मऊगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मऊगंज ब्लॉक के ग्राम बरहटा में मऊगंज जिले के प्रभारी सौरभ मिश्रा के**



**उपस्थिति में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया.**

हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता यदुवंश मिश्रा, कांग्रेस नेता विश्वनाथ मिश्र विष्णु दादा युवक कांग्रेस जिला अध्यक्षआशुतोष तिवारी अल्पसंख्या के जिला अध्यक्ष शेख मुख्तार सिद्दीकी अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष शिवलाल साकेत पार्षद प्रतिनिधि विद्या चरण दुबे मंत्री युवक कांग्रेस पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मकसूद खान रविकांत पांडेय रोहित पटेल रामसजीवन तिवारी मानेश्वर चतुर्वेदी प्रवीण सिंह उमेश चतुर्वेदी चतुर्वेदी रमाशंकर शुक्ल पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विपिन शुक्ला दादू द्विवेदी राकेश मिश्रा राजकुमार साहू दिलीप मिश्रा राममिलन कुशवाहा कमल मिश्रा, अयोध्या पटेल मोतीलाल पटेल जानकी पटेल बबलू यादव संतोष यादव, बाबूलाल पटेल सुरेश विश्वकर्मा सरदार गुप्ता इंद्रमणि गुप्ता अभिषेक साकेत रामजी कोल बृजेश कोल, कुंभकर्ण कोल सहित सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में हस्ताक्षर अभियान का कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम का सफल संचालन रविकांत पाण्डेय जी के द्वारा किया गया. अंत में कार्यक्रम के आयोजक ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी ने आए हुए समस्त कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त किया.